रिपोर्ट

एक रात्रि शिविर /प्रथम सोपान प्रशिक्षण शिविर

दिनांक 27 से 28 फरवरी 2026

सेंट मोटफोट स्कूल पटेल नगर भोपाल के विद्यालय में प्रतिवर्ष कक्षा 6 के लिए एक रात्रि शिविर/ प्रथम सोपान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है इस वर्ष भी 27 से 28 फरवरी 2026 को विद्यालय में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा छठवीं के 135 स्काउट गाइड एवं स्टाफ शिक्षक 12 वॉलिंटियर्स16 कुल मिलाकर 164 प्रतिभागी इस शिविर में भाग लिए इस शिविर का उद्घाटन स्कूल के प्राचार्य महोदय, भारत स्काउट गाइड जिला संघ भोपाल के जिला कमिश्नर कब ब्रदर मोनाचन के के एवं दिल्ली से आए हुए ब्रदर विलियम एवं मोंटफोर्ट स्कूल लखनऊ से आए हुए श्री पी आर पांडे और सेंट फ्रांसिस स्कूल के ब्रदर ओम प्रकाश तिर्की विद्यालय के उपप्राचार्य ब्रदर ,सुश्री आशा सिंह, स्काउट गाइड स्टाफ एवं स्काउट गाइड द्वारा शिविर में ध्वजारोहण करके शिविर का उद्घाटन किया

यह प्रशिक्षण शिविर आवासी था इस शिविर में सभी प्रशिक्षित स्टाफ को नियुक्त किया गया था प्रवेश से प्रथम सोपान का पाठ्यक्रम जैसे की यूनिफॉर्म की जानकारी ,स्काउट गाइड इतिहास, टोली की जानकारी हाथ व सिटी के संकेत, अपनी देखरेख, ध्वज की जानकारी प्राथमिक सहायता, रस्सी के सिरे सुरक्षित करना पायनियरिंग, कंपास आदि प्रशिक्षण इस शिविर में स्काउट गाइड को दिया गया इस शिविर में शिविर संचालक गाइड,सुश्री आशा सिंह एवं संजू मेवाडे संचालक स्काउट अनुजय कुजूर सहयोगी किरण कोगे, सहयोगी ममता शर्मा सहयोगी, साक्षी सिंह सहयोगी और सभी कक्षा छठी के शिक्षकों ने इस शिविर में दो दिन शिविर में सहयोग किया